SITAPUR POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

# I.G.R.S. निस्तारण में प्रदेश में सीतापुर प्रथम, 24 थानों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

दिनांकः- 02.09.26

**शासन की प्राथमिकताओं एवं "मिशन शक्ति" अभियान के अंतर्गत महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रयासों के क्रम में जनपद सीतापुर पुलिस ने पूरे प्रदेश में कीर्तिमान स्थापित किया है।**

माह अगस्त में जनसुनवाई पोर्टल (I.G.R.S.) पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं विधिक निस्तारण के फलस्वरूप **जनपद सीतापुर को सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही जनपद के 24 थानों ने भी प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ (प्रथम) प्रदर्शन किया गया।**

यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय श्री अंकुर अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी (नोडल अधिकारी I.G.R.S.) महोदय श्री दुर्गेश कुमार सिंह के कुशल व निकट पर्यवेक्षण में हासिल हुई है।

जनपद के समस्त सर्किल/थानो द्वारा विगत माह जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो का शीघ्रातिशीघ्र गुणवत्तापरक विधिक निस्तारण किया गया। आईजीआरएस निस्तारण हेतु जनपद व थाना स्तर पर गठित आईजीआरएस सेल/टीमों द्वारा आवेदको/शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समय से निस्तारण कर उनकी संतुष्टि हेतु संपर्क कर फीडबैक लिया गया जिनके द्वारा पुलिस के निष्पक्ष रूप से निस्तारित किये गये प्रकरणों पर संतुष्टि व्यक्त की गयी। **परिणामस्वरूप संपूर्ण प्रदेश में सीतापुर को प्रथम स्थान तथा जिले के 24 थानों को भी प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।**

**आई.जी.आर.एस. के माध्यम से महिलाओं से संबंधित अपराधों एवं पारिवारिक विवादों में त्वरित कार्रवाई होने से अपराधियों में भय व्याप्त हुआ है और पीड़ित महिलाओं को अविलंब न्याय मिला है। इससे समाज में महिलाओं के बीच सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हुई है।**

| क्रम संख्या | थाना | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रदेश में प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अटरिया | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 2 | इमलिया सुल्तानपुर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 3 | कमलापुर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 4 | कोतवाली नगर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 5 | मानपुर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 6 | खैराबाद | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **7** | तालगांव | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **8** | थानगांव | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **9** | नैमिषारण्य | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **10** | बिसवां | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **11** | मछरेहटा | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **12** | महमूदाबाद | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **13** | महिला थाना | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **14** | महोली | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **15** | मिश्रिख | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **16** | रामकोट | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **17** | रामपुरकलां | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **18** | रामपुरमथुरा | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **19** | लहरपुर | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **20** | रेउसा | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **21** | संदना | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **22** | सदरपुर | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **23** | सिधौली | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **24** | हरगांव | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |



उत्तर प्रदेश पुलिस